दैनिक जागरण 18/09/2024

जीएमएन कालेज की स्लो साइक्लिंग स्पर्धा में बलजिंदर अव्वल, पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- बच्चों को सड़क सुरक्षा बारे के बारे में किया गया जागरूक
- शारीरिक शिक्षा विभाग व एसडीजी क्लब ने आयोजित करवाई

जागरण संवाददाता • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में शारीरिक शिक्षा विभाग व एसडीजी क्लब द्वारा स्लो साइक्लिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन डा. कृष्ण पूनिया और एसडीजी क्लब की प्रमुख डा. अमिता ने किया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और साइक्लिंग के माध्यम से स्वास्थ्य और पर्यावरण के महत्व को साझा किया। डा. कृष्ण पूनिया ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को स्वास्थ्यपूर्ण जीवन शैली की ओर प्रेरित किया जा सकता है। डा. अमिता ने कहा कि इस प्रतियोगिता के द्वारा विद्यार्थियों में साझेदारी, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल आठ विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इनमें प्रथम स्थान पर बलजिंदर रहे तो वहीं अर्पित ने दूसरा स्थान हासिल किया

स्लो साइक्लिंग रेस में भाग लेने वाले प्रतिभागी। • सौजन्य विज्ञप्ति

तथा तीसरे स्थान पर वरुण कश्यप रहे। इस अवसर पर जनसंचार विभाग की प्राध्यापक सुषमा शर्मा, नरेश कुमार एवं संजीव कुमार मौजूद रहे।

इसी तरह कालेज में एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया गया। आयोजन राजनीतिक विज्ञान विभाग, एसडीजी क्लब, ईको क्लब द्वारा किया गया। इस दौरान डा. रोहित दत्त व विभागाध्यक्ष डा. एसएस नैन ने सभी को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम डा. राकेश कुमार, डा. सरोज बाला, डा. अमिता, डा. भारती विज, प्रो. लवप्रीत उपस्थित रहे। दूसरी ओर कालेज के प्रबंधन विभाग और एसडीजी क्लब द्वारा रोड सेफ्टी पर कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को सड़क सुरक्षा बारे जागरूक किया।